विज्ञापन सं. Advertisement No.01 /2022-23

# सलाहकार सनदी लेखाकार की संविदा आधार (पूर्णकालिक) पर सेवाएं लेना- 2022-23
# Engagement of Consultant Chartered Accountant on Contractual Basis (Full Time)2022-23

December 19 .2022

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की स्थापना भारत की संसद द्वारा पारित अधिनियम के तहत 2 अप्रैल 1990 को की गयी। यह सूक्ष्म, लघु एवं मध्य उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास के लिए कार्यरत प्रमुख वित्तीय संस्था है। साथ ही यह इसी प्रकार की गतिविधियों में संलग्न संस्थाओं के कार्यों का समन्वयन भी करता है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI) set up on 2nd April 1990 under an Act of Indian Parliament, acts as the Principal Financial Institution for Promotion, Financing and Development of the Micro, Small and Medium Enterprise (MSME) sector as well as for coordination of functions of institutions engaged in similar activities.

सिडबी का कारोबार एमएसएमई क्षेत्र पर केन्द्रित है। यह भारत की अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण स्तंभ रहा है और वित्तीय वर्ष 2019-20 में देश के सकल मूल्य वर्धन में इसका योगदान 29% रहा है। विगत वर्षों से सिडबी एमएसएमई क्षेत्र के सतत विकास की दिशा में कार्यरत रहा है। इसने ऐसे अग्रगामी प्रयास किए हैं जो देश की पारितंत्र- संपदा का संरक्षण करते हुए आर्थिक संपन्नता लाने और समाज में उसके समान वितरण में परिलक्षित होते हैं।

The MSME sector, the focused business domain for SIDBI, has been an important pillar of the Indian Economy, contributing up to 29% in the country's Gross Value Added (GVA) as per FY 2019-20. Over the years, SIDBI has been working towards the sustainable development of MSME sector, pioneering efforts that have manifested in creation of economic wealth, its distribution for an egalitarian society while preserving the ecological wealth of the country.

बैंक का मिशन है- "एमएसएमई के लिए ऋण-प्रवाह में सहायता करना और उसे सुदृढ़ बनाना तथा एमएसएमई पारितंत्र के वित्तीय एवं विकासपरक, दोनों अंतरालों का समाधान करना"। बैंक का विज़न है- "एमएसएमई क्षेत्र की वित्तीय और विकासपरक आवश्यकताओं की पूर्ति का एकल स्रोत बनना और उसे सुदृढ़, समुत्थानशील व वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाना तथा सिडबी ब्रांड को आधुनिक प्रौद्योगिकीय मंच के माध्यम से शेयरधारकों के धन तथा उच्चतम कॉर्पोरेट मूल्यों की वृद्धि के लिए वरीय ग्राहक-मित्र संस्था रूप में स्थापित करना। "

The Bank's Mission is 'To facilitate and strengthen credit flow to MSMEs and address both financial and developmental gaps in the MSME eco-system'. The Bank is working with the Vision 'To emerge as a single window for meeting the financial and developmental needs of the MSME sector to make it strong, vibrant and globally competitive, to position SIDBI Brand as the preferred customer friendly institution and for enhancement of shareholders wealth and highest corporate values through modern technology platform'.

बैंक का विश्वास है कि इसके लोग, प्रक्रिया तथा प्रौद्योगिकी ग्राहक-सेवा देनेवाले प्रमुख कारक हैं। बैंक का सुदृढ़ विश्वास है कि इसके मानव संसाधन इसकी सबसे मूल्यवान आस्ति हैं।

The Bank believes that its people, process and technology are the key drivers for delivering customer service. The Bank firmly believes that its Human Resources are its most valuable asset.

सिडबी इच्छुक अभ्यर्थियों से संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जिसके विवरण निम्नवत हैं-

SIDBI invites application from interested candidates for following posts on Contractual basis as detailed below:

<u>सलाहकार सनदी लेखाकार Consultant Chartered Accountant</u>

| क्रमांक S.NO. | शीर्ष Particulars | विवरण Details |
|---|---|---|
| क A | पदनाम Name of the Post | सलाहकार सनदी लेखाकार Consultant CA |
| ख B | पद का प्रकार Type of the Post | पूर्णकालिक आधार पर सलाहकार Contractual on <u>full time basis</u> |
| गC | पदों की संख्या No. of Post | 3 ( तीन three) |
| घD | तैनाती स्थल Place of Posting | गुवाहाटी Guwahati |
| ङ E | काम का दायरा Scope of work | सलाहकार सनदी लेखाकार निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगाः<br>The Consultant CA (Chartered Accountant) will be responsible for the following:<br>1. नियुक्त सनदी लेखाकार राज्य स्तर की सभी परियोजनाओं तथा एससीडीएफ और राज्य स्तर की इस प्रकार की योजनाओं के लिए उत्तरदायी होंगे।<br>engaged Chartered Accountants shall be responsible for all state level projects including projects under SCDF and similar scheme at State level<br>2. विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाना और परियोजना मूल्यांकन करना<br>Preparation of DPR and handling project appraisal.<br>3. संबंधित राज्य सरकार/ विभाग से समन्वयन/ संपर्क<br>Coordination/ Liasioning with State Government/Departments concerned<br>4. सिडबी गुवाहाटी कार्यालय के लिए परियोजना मूल्यांकन, मंजूरियाँ, संवितरण तथा मूलभूत संरचना और एमएसएमई परियोजनाओं का अनुवर्तन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | Project Appraisal sanctions, disbursement, monitoring and follow up of infrastructure as well as MSME projects of SIDBI Guwahati office.<br>5. राज्य स्तर की परियोजनाओं से संबंधित कोई अन्य गतिविधि<br>Any other activity related to the state level projects.<br>6. बैंक की विशेषज्ञता के क्षेत्र में और उसके हित का कोई अन्य कार्य, जो बैंक द्वारा समय-समय पर बताया जाए।<br>Any other work, in the area of expertise and in the interest of the Bank as advised by the Bank from time-to-time. |
| च F | पात्रता मानदंड Eligibility Criteria | | |
| | अ a. | आयु सीमा Age limit | आवेदन प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख यानी 2/01/2023 को अभ्यर्थी 35 वर्ष से अधिक का नहीं होना चाहिए।<br>The candidate should not be more than 35 years old as on last date of submission of Application i.e. 2/01/2023 |
| | ब b. | शैक्षिक योग्यता<br>Educational Qualification | 1. आइसीएआई का अर्हताप्राप्त सनदी लेखाकार<br>Qualified Chartered Accountants from ICAI<br>2. एमएस ऑफिस में प्रवीणता, खास तौर से एक्सेल और पावर पॉइंट, डाटा विश्लेषण/प्रबंधन/ प्रेजेंटेशन टूल्स को वरीयता दी जाएगी<br>Proficiency in MS Office, particularly excel and power point, data analysis / management / presentation tools shall be preferred.<br>3. अभ्यर्थी आईसीएआई का सक्रिय सदस्य हो<br>The candidate should have active membership of ICAI |
| | स C. | अनुभव<br>Experience | सामाजिक/आर्थिक अवसंरचना परियोजना वित्तपोषण के क्षेत्र में अनुभव तथा विभिन्न परियोजना-वित्तपोषणों को संभालने की पृष्ठभूमि वांछनीय है और इसे वरीयता दी जाएगी। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | Experience in the field of Social/economic infrastructure project financing and background in handling various project finance is desirable and will be preferred. |
| छ G | पारिश्रमिकन<br>Renumeration | | पारिश्रमिक बाज़ार के अनुरूप दिया जाएगा। तथापि उपयुक्त अभ्यर्थी के लिए यह सीमाकारक घटक नहीं होगा और यह यथास्थिति परस्पर निर्धारित किया जाएगा।<br>The renumeration would be at market linked compensation. The same shall not be a limiting factor for the right candidate and will be mutually decided on case-to-case basis. |

<u>सामान्य शर्तें</u>

<u>General Conditions:</u>

| | | |
|---|---|---|
| क A | संविदा की अवधि<br>Period of Contract | शुरुआत में संविदा तीन वर्ष के लिए होगी, जिसे बैंक अपने विवेक से आगे दो वर्ष के लिए बढ़ा सकता है। दोनों ही पक्षों की ओर से एक महीने का नोटिस या उसके बदले वेतन व भत्ते (यदि हों) का भुगतान करके संविदा समाप्त की जा सकती है।<br>The term of contract would initially be for a period of three years, extendable, at sole discretion of the Bank, for a further period of up to two years. The contract can be terminated at one months' notice on either side or salary and allowances (if any) in lieu thereof. |
| ख B | सीटीसी और वेतनवृद्धि<br>CTC and increment | सीटीसी बातचीत करके निर्धारित होगी। वार्षिक सीटीसी अभ्यर्थी के अनुभव और उसके वर्तमान नियोजन व तैनाती स्थान पर मिल रही परिलब्धियों पर निर्भर करेगी। उपयुक्त अभ्यर्थी के लिए वेतन कोई बाधक घटक नहीं होगा। शुरुआत में निर्धारित सीटीसी पर वेतनवृद्धि का निर्णय कार्यनिष्पादन-समीक्षा के आधार पर किया जाएगा।<br>The CTC offered is negotiable. Annual CTC will depend upon Experience & Emoluments of candidates in the present employment and place of posting. Salary shall not be a constraint for the right candidate. Annual increment on CTC finalized initially, shall also be considered by the Bank based on the performance review. |

<u>अन्य शर्तें Other Conditions:</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पात्रता मानदंड में वृद्धि/ संशोधन करने का अधिकार<br>Right to | महत्त्वपूर्णः पदों की संख्या को देखते हुए साक्षात्कार के लिए बुलाए जानेवाले अभ्यर्थियों की संख्या सीमित रखने के उद्देश्य से बैंक को अधिकार है कि वह पात्रता, शैक्षिक योग्यता तथा न्यूनतम कार्य-अनुभव के मानदंड में वृद्धि/संशोधन करे। |

| | | |
|---|---|---|
| | Raise /modify the eligibility criteria | Important: The Bank reserves the right to raise/modify the eligibility criteria including educational qualification and minimum work experience in order to restrict the number of candidates to be called for Interview, commensurate with the number of posts. |
| 2. | चयन-प्रक्रिया<br>Selection Procedure | चयन के लिए प्रतिभागियों को चुना जाएगा और किसी उपयुक्त तारीख को चयन-समिति द्वारा उनका व्यक्तिशः ऑनलाइन साक्षात्कार लिया जाएगा। तारीख व समय की सूचना यथासमय दी जाएगी। यदि आवश्यक हुआ तो साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों के चयन के लिए बैंक द्वारा आवेदनों की प्राथमिक जाँच की जाएगी। अतः विज्ञापन में निर्दिष्ट अपेक्षाओं की पूर्ति करने मात्र से किसी अभ्यर्थी को साक्षात्कार में स्वतः बुलाए जाने का हक नहीं मिल जाता। किसी अभ्यर्थी को साक्षात्कार में बुलाने के बारे में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में किसी पत्र-व्यवहार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।<br>Selection would be by way of shortlisting and Personal Interview to be held online on a suitable date (to be informed in due course) before the Selection Committee. The Bank will undertake a preliminary screening of the applications, if necessary, to shortlist the eligible candidates to be called for interview. Thus, merely fulfilling the requirements laid down in the advertisement would not automatically entitle any candidate to be called for interview. The decision of the bank to call the candidates for the interview shall be final. No correspondence will be entertained in this regard.<br><br>श्रेष्ठता-सूचीः चयन के लिए श्रेष्ठता सूची घटते क्रम में तैयार की जाएगी, जो केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों पर आधारित होगी। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी को न्यूनतम निर्धारित अंकों से अधिक अंक मिले हों (न्यूनतम निर्धारित बिन्दु पर एक जैसे अंक) तो अभ्यर्थियों को उनकी उम्र के अनुसार घटते क्रम में श्रेष्ठता-सूची में रखा जाएगा।<br>Merit List: Merit list for selection will be prepared in descending order on the basis of scores obtained in interview only. In case more than one candidate score the cut-off marks (common marks at cut-off point), such candidates will be ranked according to their age in descending order, in the merit.<br>प्रतीक्षा-सूचीः सिडबी को अधिकार है कि वह विभिन्न ग्रेडों में अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची बनाए और वास्तविक जरूरत की पूर्ति के लिए ऐसी प्रतीक्षा-सूची वाले अभ्यर्थी (र्थियों) पर विचार करे।<br>Wait List: SIDBI reserves the right to draw wait lists of candidates in different Grades and consider such wait listed candidate(s) for meeting actual requirement. |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | आवेदन कैसे करें<br>HOW TO APPLY | i. आवेदन का प्ररूप बैंक की वेबसाइट पर दिया गया है। आवेदन में अंग्रेजी अथवा हिन्दी में अभ्यर्थी का जीवन-वृत्त विधिवत भरा जाए। उसपर पासपोर्ट आकार का हालिया फोटो चिपकाकर, अभ्यर्थी आर-पार हस्ताक्षर करे और तारीख डालकर केवल ई-मेल के ज़रिए guwahati@sidbi.in पर ईमेल से भेजे/अग्रेषित करे। आवेदन की आखिरी तारीख 02/01/2023 है। आवेदन भेजते समय विषय के आगे सुस्पष्ट रूप से केवल यह लिखा जाए- “<<संविदा आधार पर सलाहकार सनदी लेखाकार >> पद हेतु आवेदन <<अभ्यर्थी का नाम>>”<br>Duly filled in application (in English or Hindi), as per the format available on the Bank’s website with a recent passport size photograph pasted thereon and Curriculum Vitae, bearing full signature of the candidate across the same with date, should be sent / forwarded only through email at guwahati@sidbi.in on or before January 2 2023 While forwarding the respective applications, the subject line shall clearly indicate the following details only, viz. “Application for the post of, << Consultant CA on Contract basis>> <<Candidate Name>>.”<br>ii. आवेदन फॉर्म में उल्लिखित पहचान, पता, आयु, शैक्षिक योग्यता (शैक्षिक प्रमाणपत्र/ अंकपत्र), कार्य-अनुभव के प्रमाण के तौर पर इन सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेज़ों की स्व-साक्ष्यांकित प्रतियाँ संलग्न की जाएँ।<br>Applications should be accompanied with self-attested copies of relevant certificate(s) / documents, in support of proof of identity, address, age, educational qualification (educational certificates/mark -sheets), work experience, as mentioned in the application form.<br>iii.<br>यदि किसी आवेदन के साथ संगत प्रमाणपत्र(त्रों)/दस्तावेज़ों की फोटो प्रतियाँ/ स्कैन-प्रतियाँ (ऑनलाइन आवेदन की स्थिति में) नहीं संलग्न होंगी, अथवा आवेदन निर्धारित प्रारूप में नहीं होगा, या उस पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर नहीं होंगे अथवा वह किसी प्रकार से अपूर्ण होगा अथवा निर्धारित तारीख के बाद मिलेगा तो उसपर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार हाथ से लिखा आवेदन/या जीवन-वृत्त बिना विचार किए अस्वीकार कर दिया जाएगा।<br>An application not accompanied with photocopies/ scanned copies (in cases of applied online) of relevant certificate(s) / documents, or not in prescribed format or not signed by the candidate or incomplete in any respect or received after due date will not be entertained under any circumstances. Also, Handwritten Applications/ or Curriculum Vitae shall be summarily rejected. |
| 4 | अन्य<br>Others | i. नियोक्ता द्वारा जारी किए गए संगत अनुभव प्रमाणपत्र में खास तौर से लिखा होना चाहिए कि अभ्यर्थी के संबंधित कार्य-क्षेत्र का अपेक्षित अनुभव प्राप्त है। |

| | | |
|---|---|---|
| | | The relevant experience certificate from employer must contain specifically that the candidate has got experience in that related field as required.<br>ii. अभ्यर्थी अनिवार्यतः भारत का नागरिक हो।<br>The candidate must be a citizen of India.<br>iii. ऊपर उल्लिखित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बदल सकती है।<br>The number of vacancies mentioned above are provisional and may vary.<br>iv.<br>ऊपर उल्लिखित पदनाम/ पद का नाम केवल सांकेतिक है। बैंक को अधिकार है कि वह अपनी जरूरत के अनुसार, पहले से कोई भी सूचना दिए बिना किसी भी समय पद का नाम/पदनाम बदल दे।<br>The designations / name of the post mentioned above are only indicative. The Bank reserves the right to change the name of post / designation at any time without prior notice as per the requirement of the Bank.<br>v. साक्षात्कार की सूचना/ बुलावा-पत्र ईमेल से भेजा जाएगा अथवा बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी।<br>Intimation/ call letter for interview will be sent by email or will be uploaded on Bank's website. NO HARD COPY WILL BE SENT.<br>vi. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में किए जा रहे अपने आवेदन में एक सक्रिय ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर बताएँ और उन्हें चालू रखें ताकि सूचनाएँ जैसे बुलावा-पत्र/साक्षात्कार की सूचना आदि उन्हें मिल सकें। सूचित की गई ई-मेल आईडी और मोबाइल फोन नं. को साक्षात्कार प्रक्रिया में बदला न जाए। किसी भी सूचना के मिलने में देरी अथवा उसके गुम होने के लिए बैंक कोई जिम्मेदारी नहीं लेता।<br>Candidates are advised to indicate a working e-mail ID and mobile phone no. in their application under this advertisement and maintain the same active for receiving communication viz. call letters/ Interview date advices etc. The indicated e-mail ID and mobile phone no. should not be changed during Interview process. The Bank takes no responsibility for any delay in receipt or loss of any communication.<br>vii. साक्षात्कार ऑनलाइन होगा। इस संबंध में बुलावा-पत्र में जो भी आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्दिष्ट होगा, उसकी उपलब्धता अभ्यर्थी को सुनिश्चित करनी है।<br>The Interview shall take place online. Candidates should ensure availability of necessary infrastructure as specified in call letter in this regard.<br>viii. जो अभ्यर्थी सरकारी/अर्धसरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं में कार्यरत हैं, उन्हें सलाह |

| | | |
|---|---|---|
| | | दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता का जारी किया हुआ "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर उनके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा और यदि कोई यात्रा व्यय दिया जाना हो, तो वह नहीं दिया जाएगा।<br>Candidates serving in Govt./ Quasi Govt. offices, Public Sector undertakings including Nationalized Banks and Financial Institutions are advised to submit 'No Objection Certificate' from their employer at the time of interview, failing which their candidature may not be considered and travelling expenses, if any, otherwise admissible, will not be paid.<br>ix. चयन होने पर, कार्यग्रहण के समय अभ्यर्थी से अपेक्षित होगा कि वह अपने पूर्ववर्ती नियोक्ता द्वारा जारी विमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करे।<br>In case of selection, candidates will be required to produce proper discharge certificate from the employer at the time of taking up the appointment.<br>x. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे कोई ऐसा विवरण या सूचना न दें जो असत्य, विरूपित/ कूटरचित हो। साथ ही, उक्त पद के लिए आवेदन करते समय वे कोई महत्त्वपूर्ण सूचना न छिपाएँ।<br>Candidates are advised that they should not furnish any particulars or information that are false, tampered/ fabricated or should not suppress any material information while applying for the post.<br>xi. चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति तभी होगी जब बैंक का /चिकित्साधिकारी उसे चिकित्सकीय दृष्टि से उपयुक्त घोषित कर दे और उसके चरित्र के संबंध में संतोषप्रद रिपोर्ट मिल जाए तथा पूर्ववृत्त सत्यापित हो जाए, उसके पूर्ववर्ती नियोक्ता तथा परिचितों से संतोषजनक रिपोर्ट मिल जाए और भर्ती-पूर्व सभी औपचारिकताओं से बैंक पूरी तरह आश्वस्त हो जाए।<br>Appointments of selected candidates will be subject to his / her being declared medically fit by Bank /Medical Officer's, satisfactory report about his / her character and background verifications, satisfactory report from his / her previous employer and referees and completion of all other pre recruitment formalities to the complete satisfaction of the Bank.<br>xii. यदि किसी चरण में यह पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी आवेदित पद के किसी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता और/अथवा उसने कोई गलत सूचना दी है अथवा कोई महत्त्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, अथवा छद्म नाम धारण किया है अथवा किसी अन्य व्यक्ति से कराया है; तो उसे अभ्यर्थी-सूची से तत्काल हटा दिया जाएगा। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई कमी पता चलती है तो उसकी सेवा तत्काल समाप्त कर दी जाएगी।<br>In case it is detected at any stage that a candidate does not fulfill any of the eligibility criteria for the post applied for and / or that he / she has furnished any incorrect information or |

| | | |
|---|---|---|
| | | has suppressed any material fact(s), or has resorted to Impersonating or procuring impersonation by any person; his / her candidature will stand cancelled forthwith. If any of these shortcomings is/are detected even after the appointment, his/her services will be liable to be terminated forthwith.<br>xiii. यदि बाद में पता चलता है कि किसी आवेदक ने अपने आवेदन में असत्य सूचना प्रस्तुत की है तो वह दीवानी/आपराधिक कार्रवाई का भागी होगा।<br>The applicant shall be liable for civil/ criminal consequences in case the information submitted in his/ her application is found to be false at a later stage.<br>xiv. पात्रता, छँटाई, साक्षात्कार के आयोजन, चयन, कार्य-ग्रहण हेतु बुलावा संबंधी सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी पदों के आवेदकों के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में बैंक किसी अभ्यावेदन अथवा पत्र-व्यवहार पर ध्यान नहीं देगा। किसी भी रूप में सिफारिश लगाने वाला अभ्यर्थी अनर्ह हो जाएगा।<br>Decisions of the Bank in all matters regarding eligibility, shortlisting, conduct of interview, selection, calling for joining etc, would be final and binding on the applicants for the posts. No representation or correspondence will be entertained by the Bank in this regard. Canvassing in any form will lead to disqualification of candidature.<br>xv. कोई विवाद होने पर उसका निपटान गुवाहाटी स्थित न्यायालयों के अधिकार-क्षेत्र में होगा।<br>In case of any dispute the courts at Guwahati shall have jurisdiction. |

******************